भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2326

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025

24 अग्रहायण, 1947 (शक)

भारत में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी

2326. श्री बी. मणिक्कम टैगोर :
श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:
श्री सुरेश कुमार शेटकर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए कुल अनुमानित लागत को अंतिम रूप दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो वित्तीय स्पष्टता के बिना आगे बढ़ने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या नए बनाए गए स्थानों की बुनियादी ढांचे की तैयारी, एथलीट सुविधाओं, रसद और दीर्घकालिक उपयोग का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बोली और चयन प्रक्रिया में राष्ट्रीय खेल परिसंघों, राज्य सरकारों और संसद सदस्यों के साथ परामर्श शामिल था और यदि नहीं, तो व्यापक हितधारक भागीदारी के बिना ऐसी महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता करने के क्या कारण हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने देरी या लागत वृद्धि के मामले में केंद्र और राज्य सरकार पर संभावित वित्तीय देनदारियों की जांच की है और यदि हां, तो ऐसे आकलन के परिणाम क्या हैं; और

(ङ) क्या अहमदाबाद में नियोजित बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए कोई सामाजिक और पर्यावरण-प्रभाव मूल्यांकन किया गया था, यदि हां, तो तत्संबंधी क्या निष्कर्ष रहे और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) : राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए मेजबान राज्य गुजरात सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ ने खेलों की सफल मेज़बानी के लिए खेल अवसंरचना और सुविधाओं, आवास और अन्य लाजिस्टिकल आवश्यकताओं के आकलन में आवश्यक सावधानी बरती है।

खेलों के लिए लागत वृद्धि सहित खेलों के संचालन की लागत मेज़बानों द्वारा खेलों के प्रस्ताव के अंतर्गत अनुमानित की गई है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), राष्ट्रमंडल खेल परिसंघ (सीजीएफ) का सदस्य है और इसे भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ (सीजीएआई) के नाम से जाना जाता है। यह राष्ट्रमंडल खेलों की रूपरेखा के अनुसार राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए औपचारिक बोली लगाने के लिए उत्तरदायी है। 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की बोली प्रक्रिया आईओए की महासभा द्वारा अनुमोदित की गई थी और खेल परिसंघ आमसभा का हिस्सा हैं। 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल होने वाले खेलों का निर्णय अभी सीजीएफ द्वारा किया जाना है।

राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए राष्ट्रमंडल खेल को प्रस्तुत किए गए बोली दस्तावेज़ में उल्लेख किया गया है कि खेलों की संधारणीय कार्यनीति मौजूदा शहर की रूपरेखा के साथ संरेखित होगी, जिसमें सस्टेनेबल अर्बन मोबिलिटी प्लान (एसयूएमपी) और क्लाइमेट रेज़िलिएंट सिटी एक्शन प्लान (सीआरसीएपी) शामिल हैं, जो शहरी योजना के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने पर केंद्रित है और जलवायु शमन से संबंधित कोई भी रणनीतिक पहल शहर द्वारा निर्दिष्ट दीर्घकालिक रणनीति पर आधारित होगी। गुजरात स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद को बहु-खेल स्पर्धाओं के लिए आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अध्ययन करने के लिए नियुक्त किया है।

*****